कार्यालय पुलिस उपायुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस-विज्ञप्ति

दिनांक- 21/06/2024

विषयः- थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा अपहरण की घटना से संबंधित अभियुक्त गिरफ्तार, अपहृता बरामद

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी जोन व श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज जोन काशी कमि0 वाराणसी के कुशल निर्देशन में थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 125/2024 धारा 363/366 भादवि से संबंधित अभियुक्त फैसल पुत्र मोहम्मद जमील निवासी बजरडीहा धरहरा आटो स्टैण्ड थाना भेलूपुर कमिश्नरेट वाराणसी को वाराणसी सिटी स्टेशन के पास कॉलोनी से आज दिनांक 21.06.2024 को गिरफ्तार किया गया। अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है।

घटना का विवरणः- दि0 20/06/2024 को वादिनी मुकदमा द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री को फैसल पुत्र मोहम्मद जमील निवासी बजरडीहा धरहरा आटो स्टैण्ड थाना भेलूपुर कमिश्नरेट द्वारा दि0 17/06/2024 को अपहरण कर लिये जाने के संबंध में थाना जैतपुरा पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। आज दि0 21/06/2024 को थाना जैतपुरा पुलिस को मुखबीर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि उक्त अपहरण से संबंधित अभियुक्त मय अपहृता वाराणसी सिटी रेलवे स्टेशन के समीप कॉलोनी में मौजूद है, अगर जल्दी करें तो पकड़ा जा सकता है। मुखबिर खास की सूचना पर थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा एकबारगी दबिश देकर मुखबिर खास द्वारा बताए हुए अभियुक्त को वाराणसी सिटी रेलवे स्टेशन के समीप कॉलोनी के समीप पकड़ लिया गया, जिसके साथ मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अपहृता बरामद हुयी। पकडे गये व्यक्तियों से नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम फैसल पुत्र मोहम्मद जमील निवासी बजरडीहा धरहरा आटो स्टैण्ड थाना भेलूपुर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र 22 वर्ष बताया। उक्त के संबंध में अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है।

विवरण पूछताछः- पकड़े हुए व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अभियुक्त उपरोक्त ने अपना नाम फैसल पुत्र मोहम्मद जमील निवासी बजरडीहा धरहरा आटो स्टैण्ड थाना भेलूपुर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र 22 वर्ष बताया। घटना के संबंध में पूछने पर बताया कि हम लोग एक दूसरे को जानते पहचानते हैं और हम लोग अपनी सहमति से मखदूमशाह दरगाह अकबरपुर घूमने के लिए गये थे, पिछले एक दो दिन से हम

लोग वाराणसी में घूम रहे और घर जा रहे थे कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया। अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1- फैसल पुत्र मोहम्मद जमील निवासी बजरडीहा धरहरा आटो स्टैण्ड थाना भेलूपुर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र 22 वर्ष

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान- वाराणसी सिटी रेलवे स्टेशन के समीप कॉलोनी, दिनांक 21.06.2024 को

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 125/2024 धारा 363/366 भादवि थाना जैतपुरा कमिश्नरेट वाराणसी

गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

श्री बृजेश कुमार मिश्र थानाध्यक्ष जैतपुरा कमि0 वाराणसी
उ0नि0 संदीप कुमार सिंह थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी
का0 राजेश कुमार यादव थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी
म0का0 खुशबू गौड़ थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त कार्यालय
काशी-जोन कमि0 वाराणसी